म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल

क्र0/बोर्ड/विविध/जन./1/मा.बै./2024/2495 भोपाल, दिनांक 27/09/2024

प्रति,

संयुक्त संचालक,
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय- (समस्त)

विषयः- माननीय उच्च न्यायालयों में मण्डी बोर्ड/मंडी समिति के लंबित/विचाराधीन न्यायिक प्रकरणों के संबंध में।

सन्दर्भ:- मुख्यालय का पत्र क्रमांक 2228-29 दिनांक 20/05/24।

--000--

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा मुख्यालय को प्रेषित की जाने वाली न्यायालयीन प्रकरणों की सूची संभागीय कार्यालयों द्वारा बहुत लंबे समय से अद्यतन नहीं किये जाने तथा प्रत्येक माह की जानकारी में एक ही सूची बिना किसी अद्यतनीकरण के मुख्यालय को प्रेषित किये जाने के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश प्रसारित किये गए थे। किन्तु देखने में आया है कि उक्त निर्देशों का पूर्ण पालन नहीं किया जा रहा है। विवरण निम्न है:-

1. इंदौर, ग्वालियर एवं उज्जैन संभाग द्वारा आंचलिक कार्यालयों में विधि शाखा का कार्य सम्पादित करने वाले कर्मचारियों के नाम एवं दूरभाष क्रमांक की सूची प्रेषित नहीं की गई है।
2. माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन ऐसे प्रकरण जिसमें मंडी बोर्ड/ मंडी समिति की कार्यवाहियों के विरुद्ध स्थगन आदेश पारित किया गया है, प्रकरणों की सूची एवं स्थगन रिक्त कराने हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी अप्राप्त है।
3. ऐसे प्रकरण; जिनमें राजस्व वसूली निहित हो, उनमें त्वरित सुनवाई का निवेदन प्रस्तुत किये जाने संबंधी प्रतिवेदन।
4. भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं उज्जैन संभाग द्वारा मासिक प्रगति की जानकारी नियत समयावधि अर्थात प्रति माह 10 तारीख तक प्रेषित नहीं की जा रही है।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त जानकारी सहित संदर्भित पत्र के अनुक्रम में पालन प्रतिवेदन 7 दिवस में मुख्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें एवं आगामी रूप से मासिक प्रगति प्रतिवेदन समयावधि में प्रस्तुत किया जाये।

(एम. सेलवेन्द्रन)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

Ds meeting letter.